### कालापीपल में भू-माफियाओं का खेल भाग-1

# जमीन विवाद में भू-माफियाओं को पकड़ने की बजाय पुलिस बना रही थी वीडियो

## भू-माफियाओं के सामने कालापीपल पुलिस का क्या आत्म समर्पण

**शाजापुर । जब भी कोई अपराध होता है तो पुलिस अपराधियों को पकड़ती है लेकिन जब पुलिस कालापीपल की हो तो अपराधियों और अपराध को रोकने की उम्मीद कालापीपल पुलिस से करना बेमानी होगा. ऐसा ही एक मामला बीते दिनों देखने में आया जब एक जमीन विवाद में खूनी संघर्ष हुआ, खुलेआम गोलियां चली, जीप से कुलचने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस लड़ाई को रोकने की बजाय वीडियो बनाती नजर आई. अब इससे कालापीपल पुलिस का अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कहें या लक्ष्मी दर्शन की मजबूरी.**

गौरतलब है कि कालापीपल कृषि उपज मंडी रोड से लगी जमीन लगभग 3 हेक्टेयर बताई जा रही है. जिसे कुछ दिन पहले चंद्रमौली प्रापर्टी को राजस्व विभाग ने सीमांकन कर कब्जा दिलाया. लेकिन दूसरा पक्ष भी इस जमीन पर अपना मालिकाना हक बता रहा था. दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि खुलेआम सैकड़ों राउंड गोलियां चली, जमीन पर जेसीबी और कार से लोगों को कुचलने का प्रयास किया गया. इस विवाद के दौरान मौके पर पुलिस खड़ी रही जो घटना का वीडियो बनाती रही. अब सवाल यह उठता है कि पुलिस आखिर इस विवाद को मौके पर ही क्यों नहीं रोक पाई. पुलिस का क्या वीडियो बनाना जरूरी था या घटना को रोकना. इस संबंध में शुजालपुर एसडीओपी निमेष देशमुख ने बताया कि करतार सिंह गुरूदत्ता की निजी मालिकाना हक की जमीन से विवाद पुराना है, जिस पर चंद्रमौली प्रापर्टी फर्म के साथ संयुक्त सहभागिता 21 जनवरी को जमीन का तरमीम और बंटाकन 8 मई 2026 को हुआ. इसी दौरान अहिरवार परिवार की आपत्ति को न्यायालय ने निरस्त कर दिया और यहीं से विवाद शुरू हुआ.



### दबंगों ने अहिरवार परिवार पर चलाई गोली, पुलिसकर्मी बनाते रहे वीडियो...

जमीन विवाद को लेकर अहिरवार परिवार विरोध कर रहा था, लेकिन चंद्रमौली प्रापर्टी के तथाकथित दबंग लोगों ने जेसीबी और गाडी से दलित परिवार के सदस्यों को कुचलने का प्रयास किया . साथ ही 25 राउंड फायर भी किया गया . जिसमें कुछ लोग बंदूक के छर्रे लगने से घायल हुए हैं . हालांकि पुलिस ने इस मामले में चंद्रमौली प्रापर्टी के सुरक्षागार्डो को गिरफ्तार किया है . लेकिन मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है . घटना स्थल से पुलिस को 70 एमएम बंदूक के कारतूस और खोखे मिले हैं .

### कालापीपल पुलिस पर कौन करें कार्रवाई

कहने को तो कालापीपल थाने पर टीआई पदस्थ हैं लेकिन पूरी पुलिस की कमान एसआई रवि भंडारी संभालते हैं . सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे कालापीपल के स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार बताए जाते हैं . अब ऐसे में किसकी मजाल की वे रवि भंडारी पर कार्रवाई करें . पूरा थाना अप्रत्यक्ष रूप से एसआई रवि भंडारी ही संभालते हैं . कहने को तो थाना प्रभारी पदस्थ हैं लेकिन वे रवि भंडारी के रबर स्टांप से ज्यादा कुछ नहीं है . कालापीपल में हालत यह है कि अपराध और अपराधियों पर पुलिस का कोई अंकुश नहीं है . ऐसा ही रवि भंडारी लंबे समय से शाजापुर जिले में पदस्थ है और 2023 के विधानसभा चुनाव में उनके रिश्तेदार विधायक चुने गए, तब से रवि भंडारी कालापीपल थाने के वन मैन आर्मी हैं . किसकी मजाल के जो रवि भंडारी को कालापीपल थाने से हटाए,

## एक नजर में

### समर कैंप में जा रही छात्रा को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर



**शुजालपुर** । शहर में सुबह एक सड़क हादसे में साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई . घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है . सामने आए सीसीटीवी फुटेज में छात्रा साइकिल से मुख्य सड़क पार करती दिखाई दे रही है . इसी दौरान तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो उससे टकरा गई . फुटेज में वाहन चालक को टक्कर टालने के लिए वाहन मोड़ने का प्रयास करते हुए भी देखा जा सकता है . हादसा इतना गंभीर था कि टक्कर लगते ही छात्रा कई फीट दूर सड़क पर जा गिरी, जबकि उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में टूट गई . उस समय समर कैंप के लिए जा रहे अन्य बच्चों और स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद करते हुए छात्रा को अस्पताल पहुंचाया . जानकारी के अनुसार घायल छात्रा आराध्या सिटोके प्रतिदिन की तरह जेएनएस कॉलेज स्थित समर कैंप खेल मैदान जा रही थी . आराध्या ने बताया कि हादसे के बाद की स्थिति उसे स्पष्ट रूप से याद नहीं है और यह भी नहीं पता कि उसे अस्पताल कौन लेकर गया . उसके पिता न्यायालय में कर्मचारी हैं . स्कॉर्पियो वाहन मुडलाय निवासी मोईन खान चला रहा था . बताया गया कि वाहन में एक गर्भवती महिला सवार थी, जिसे प्रसव पीड़ा होने पर उपचार के लिए शुजालपुर सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था . हादसे के बाद चालक स्वयं छात्रा के परिजनों से मिलने पहुंचा .

### बालाजी बस के ब्रेक फेल, चार वाहनों को मारी टक्कर



**शाजापुर** । सारंगपुर से शाजापुर आ रही बालाजी बस अनियंत्रित हो गई . क्योंकि बस के ब्रेक फेल हो गए थे, जिससे चालक बस से नियंत्रण खो बैठा . इसके बाद बस पहले बाइक सवार व दो अन्य वाहनों से टकराई, इस हादसे में मां बेटे सहित तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है . घटना शनिवार दोपहर करीब 2 बजे की है, जब सारंगपुर से आ रही बस कृषि उपज मंडी के पास आकर अचानक अनियंत्रित हो गई . मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि निर्माणाधीन पुलिया के पास अचानक बस के ब्रेक फेल होने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका . बस पहले बाइक सवारों से टकराई और फिर अन्य वाहनों से जा भिड़ी . हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए . स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया . घायलों में मझनिया निवासी जितेंद्र शामिल हैं जो किसी काम से शाजापुर आ रहे थे . बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मारी थी . अन्य घायलों में लक्ष्मण और उनकी मां सानूबाई हैं . वे दोनों बैंक संबंधी कार्य के लिए शाजापुर आ रहे थे, लेकिन बस की टक्कर से इस हादसे का शिकार हो गए . सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची . पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर थाने में खड़ा कराया है . पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए हैं, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी .

### शांतिवन में की युवक की पिटाई, आरोपियों ने दी जान से मारने की धौंस



युवक के साथ की गई मारपीट के निशान

**शाजापुर** । शुक्रवार रात को कुछ लोगों ने एक युवक को शांतिवन बुलाकर उसकी बेल्ट व प्लास्टिक के पाईप से जमकर पिटाई कर दी . जिससे युवक को गंभीर चोंट आई है . पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है . पुलिस के अनुसार फरियादी सूरज पंवार 22 निवासी बेरछा रोड रेलवे पुलिया के पास शाजापुर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है . सूरज नगर पालिका के कचरा वाहन में हेल्पर का कार्य करता है . उसने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे वह राजेश्वरी मंदिर के पास स्थित चिल्लर नदी पर गया था . इसी दौरान वहां अनिल और उसका एक साथी मिले . फरियादी के अनुसार दोनों आरोपियों ने उसे पुराने श्मशान घाट के पास बुलाया और नदी क्षेत्र में आने को लेकर विवाद करने लगे . इस दौरान दोनों ने उसे पहले तो गालियां दी, इसके बाद अनिल ने बेल्ट से और उसके साथी ने प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की . घटना में सूरज की पीठ, छाती, होंठ, गर्दन और सिर पर चोटें आई हैं . वहीं मारपीट के बाद दोनों आरोपियों ने दोबारा वहां आने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी . घटना के बाद युवक अपने घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी देने के बाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई . पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है .

### गलत साइड से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाजापुर** । एक परिवार ट्रेक्टर चालक की गलती से हादसे का शिकार हो गया. हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोंट आई, जिसके गले में बाइक का टूटा प्लास्टिक घुस गया. जिसे जिला अस्पताल के चिकित्सक ने ऑपरेशन कर बाहर निकाला. वहीं अन्य लोगों का भी जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है. घटना शुक्रवार रात की है जब सारंगपुर निवासी मनोज केवट अपनी पत्नी सीमा, बेटे अंश और बेटी श्रद्धा के साथ बाइक से कमरदीपुर गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. इसी दौरान सामने से गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी.

# बूंदाबांदी ने दिलाई गर्मी से राहत, गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

### शुरू हुई प्री मानसून गतिविधियां, दो डिग्री गिरा तापमान

**शाजापुर । सुबह से शाम तक तप रहे नगरवासियों के लिए शनिवार की सुबह राहत भरी रही. इस दिन आसमान पर छाए बादल कुछ देर के लिए ही सही लेकिन बरस पड़े, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई. इस बारिश से कुछ देर तक आसमान पर बादल भी छाए रहे जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली. इसके बाद धूप जरूर खिली, लेकिन ठंडी हवाओं ने राहत का काम किया. मौसम विभाग की माने तो शनिवार रात को व रविवार सुबह गरज.चमक के साथ तेज बारिश होने की संभावना है.**



इसके पहले लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो रहा था. गुरूवार को भी तापमान कम जरूर हुआ था लेकिन उमस के चलते लोगों के पसीने छूट रहे थे. गुरूवार की रात से मौसम में परिवर्तन हुआ और देर रात आसमान पर तेज हवाओं के साथ बादल छाने लगे. इस दौरान बारिश की उम्मीद थी लेकिन आसमान बादलों से ढंका रहा. सुबह करीब 7.30 बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई जो कुछ देर बाद तेज बारिश में बदल गई. कुछ देर बाद बारिश तो थम गई लेकिन आसमान पर बादलों का डेरा डला रहा और धूप न निकलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली. इस दिन अधिकतम तापमान भी 42 डिग्री से घटकर 40.6 डिग्री दर्ज किया गया. हालांकि इस दिन तीखी धूप भी खिली हुई थी, लेकिन हवाओं की उपस्थिति के चलते गर्मी का असर कम रहा.

### देर रात-सुबह से फिर बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि प्री मानसून गतिविधियां शुरू हो गई हैं . जिसके चलते बारिश की संभावना बनी रहेगी . उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात व रविवार सुबह भी गरज चमक व आधी के साथ बारिश की संभावना है जिससे अब गर्मी से लोगों को राहत मिलती रहेगी .

# भीषण गर्मी में जुलाई से स्कूल खोलने की मांग

### कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**शुजालपुर । प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्कूलों के ग्रीष्म अवकाश को बढ़ाने तथा नया शिक्षा सत्र जुलाई माह से शुरू करने की मांग उठाई है. इस संबंध में संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को पत्र लिखकर शिक्षकों और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की अपील की है.**

संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 1 जून से स्कूल खोलने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का दौर जारी हैं. उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है. ऐसे में छोटे बच्चों और शिक्षकों को इस भीषण गर्मी में स्कूल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने बताया कि शिक्षकों की ड्यूटी 1 मई से 30 मई तक जनगणना कार्य में लगाई गई है. इसके तुरंत बाद स्कूल खोलने के निर्देश दिए जाने से शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा. साथ ही कई सरकारी स्कूलों में पर्याप्त संसाधनों का अभाव है. अधिकांश विद्यालयों में पंखे, कूलर और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं. जल संकट और उमस भरी गर्मी के बीच विद्यार्थियों के बीमार होने का खतरा भी बढ़ सकता है. संघ ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रीष्म अवकाश बढ़ाया जाए तथा नियमित कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ की जाएं. कर्मचारी संघ का कहना है कि मौसम सामान्य होने के बाद ही स्कूल संचालन शुरू करना विद्यार्थियों के हित में होगा. इस मांग का समर्थन संघ के जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा सहित मोहन किचोलिया, बनवारी बैरागी, गौरव शर्मा, दिलीप जायसवाल, नरेन्द्र राजपूत, ब्रजमोहन भसनेरिया, राजेश पांडे, दिनेश कलमोदिया, सुनील वर्मा, ओमप्रकाश राजपूत, गोपाल कारपेंटर, घनश्याम माहेश्वरी, रितेश यादव, संजय देशमुख, बीपी बारोड, जया माहेश्वरी, ममता परमार, गजराज चन्द्रवंशी आदि पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने किया है.

### छत से गिरकर मजदूर की मौत

**शुजालपुर** । मंडी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव घर के नीचे मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान गणेश मंदिर क्षेत्र निवासी गोपाल यादव के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में छत से गिरने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है. जानकारी के अनुसार शनिवार तड़के करीब 2 से 5 बजे के बीच यह हादसा हुआ. सुबह सफाई कार्य के दौरान एक कर्मचारी की नजर घर के नीचे पड़े गोपाल पर पड़ी, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई. परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो गोपाल गंभीर अवस्था में मिले. सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उनकी मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी. परिजनों ने बताया कि इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी के कारण गोपाल रात में घर की छत पर सोते थे. आशंका है कि रात के दौरान किसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरे. जिससे उसकी मौत हो गई.

# सीएम की सभा में गूंजेंगे मालवी लोकगीत और कबीर भजन

**शुजालपुर । सांदीपनी विद्यालय प्रांगण में 31 मई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में मालवा की लोक संस्कृति की रंगत भी देखने को मिलेगी. कार्यक्रम में प्रख्यात मालवी लोकगीत एवं कबीर भजन गायक दिनेश कुमार धौलपुरे और बाबूलाल धौलपुरे अपने साथी कलाकारों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे.**

जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सभा आयोजित होगी. सभा स्थल पर आगंतुकों के मनोरंजन एवं लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है. ग्राम झोंकर निवासी प्रसिद्ध राष्ट्रीय मालवी लोकगीत कलाकार एवं कबीर भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे तथा दिनेश कुमार धौलपुरे अपनी मंडली के साथ पारंपरिक मालवी लोकगीत, कबीर की समरसता पर आधारित भजन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लोकगीतों की प्रस्तुति देंगे. कार्यक्रम के माध्यम से मालवा की समृद्ध लोक संस्कृति और लोक संगीत की झलक दर्शकों को देखने को मिलेगी. आयोजकों के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकधुनों, भजनों और जनजागरण से जुड़े गीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया जाएगा. मुख्यमंत्री की सभा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है.

# शहर की शराब दुकानों में खुलेआम चल रहे अवैध अहाते

- चोइथराम चौराहा वाइन शॉप के सामने हुए गोलीकांड ने खोली पोल
- पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत के आरोप

इंदौर . शराब दुकानों पर अवैध अहातों का खेल खुलकर सामने आ गया है . चोइथराम चौराहे के पास बुधवार देर रात गोली चलने की घटना को इसी अवैध सिस्टम का नतीजा बताया जा रहा है . शहर में शायद ही कोई ऐसी शराब दुकान हो, जहां अवैध अहाता संचालित न हो रहा हो . नियमों के मुताबिक शराब दुकानों के पास बैठकर शराब पीने की व्यवस्था बंद कर दी गई है, लेकिन हकीकत में दुकानों के अंदर ही खुलेआम लोगों को शराब परोसी जा रही है . सूत्रों के मुताबिक चोइथराम चौराहे के पास जिस दुकान के बाहर गोली चलने की बात सामने आई, वहां भी एक स्थानीय प्रभावशाली व्यक्ति के संरक्षण में अवैध अहाता संचालित हो रहा था . इसी को लेकर विवाद बढ़ा और मामला गोली चलने तक पहुंच गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई . बताया जा रहा है कि इस तरह के अवैध अहाते स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत से चल रहे हैं .

### अहातों को लेकर पुलिस-आबकारी विभाग सवालों के घेरे में

घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, हालांकि अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है . शहर में खुलेआम चल रहे ऐसे अवैध अहातों को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर जिम्मेदार विभागों को यह सब क्यों नहीं दिख रहा . हालात ऐसे हैं कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी दिन बड़ी घटना हो सकती है .

# पार्टी में विवाद के बाद दोस्त की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

- पैसों के लेनदेन को लेकर बढ़ा था झगड़ा
- घायल हालत में अस्पताल में छोड़कर भाग गए थे आरोपी

नव भारत न्यूज

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में मिले युवक रोहित की मौत का मामला हत्या निकला. पार्टी के दौरान पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में दोस्तों ने ही उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

शुरुआती जांच में मामला दुर्घटना या अस्वाभाविक मौत का लग रहा था, लेकिन जांच आगे बढ़ने पर पूरी घटना का खुलासा हुआ. रोहित अपने परिचितों के साथ एक कमरे में चल रही पार्टी में मौजूद था, जहां पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हुआ. आरोपियों में मिलन, पिंटू, मीत और एक अन्य साथी शामिल हैं, जो सभी आपस में दोस्त थे और एक ही इलाके के रहने वाले हैं. पुलिस के मुताबिक पार्टी के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया.

### पुलिस की तत्परता से चारों आरोपी गिरफ्तार

मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले को हत्या मानते हुए प्रकरण दर्ज किया और तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया . मामले में एडीसीपी जोन 2 अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पार्टी के दौरान पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट के कारण युवक की मौत हुई है . मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है .

# जीआरपी इंदौर में ई-ऑफिस सिस्टम लागू

- अब फाइलें होंगी पूरी तरह डिजिटल अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. जीआरपी ऑफिस इंदौर प्रशासनिक कामकाज को डिजिटल बनाने की दिशा में आगे बढ़ गया है. यहां जल्द ही ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाएगा. इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया.

पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर कार्यालय में शुक्रवार को ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया. यह प्रशिक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल हेमंत चौहान के निर्देशन में हुआ, जिसमें कार्यालय की सभी शाखाओं के प्रभारी, स्टॉफ और कर्मचारी शामिल हुए. प्रशिक्षण का पहला चरण एससीआरबी पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ऑनलाइन कराया गया. इसके बाद जिला स्तर पर आदित्य शर्मा द्वारा ऑफलाइन प्रशिक्षण देकर ई-ऑफिस की पूरी कार्यप्रणाली समझाई गई. इसमें फाइल प्रबंधन, डिजिटल पत्राचार और ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई.



### आफिस का कामकाज हो जाएगा पेपरलेस

अधिकारियों ने बताया कि ई-ऑफिस लागू होने के बाद कागज पर होने वाला काम खत्म होगा और सभी फाइलें डिजिटल रूप से संचालित होंगी . इससे फाइलों का तेजी से निस्तारण होगा और रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा . पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस व्यवस्था से कामकाज में पारदर्शिता बढ़ेगी, जवाबदेही तय होगी और समय की बचत भी होगी . साथ ही यह डिजिटल इंडिया और स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है . प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने ई-ऑफिस की प्रक्रियाओं को समझा और इसे प्रभावी तरीके से लागू करने का भरोसा जताया . विभाग जल्द ही पूरी तरह इस सिस्टम को लागू करने की तैयारी में है .

# एमवाय अस्पताल के बाथरूम में नवजात का शव मिलने से सनसनी

इंदौर. एमवाय अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक नवजात का शव मिलने से हड़कंप मच गया. शव इमरजेंसी वार्ड के सामने बने बाथरूम में पड़ा मिला, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

सुबह कुछ लोग इमरजेंसी वार्ड के सामने स्थित बाथरूम पहुंचे, जहां उन्हें अंदर एक नवजात का शव दिखाई दिया. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अस्पताल के सुरक्षा गार्ड को दी . इसके बाद सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को बाहर निकाला. प्रारंभिक जानकारी में मृत नवजात की उम्र करीब तीन महीने बताई जा रही है. पुलिस ने शव को अस्पताल के सीएचएमओ कक्ष में रखवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया है. घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. अस्पताल परिसर में सुरक्षा गार्ड और सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद इस तरह की घटना होना चिंता का विषय है. पुलिस अब पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिए अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है .वहीं अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर भी मामले की जानकारी जुटाने में लगे हैं. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात का शव बाथरूम तक कैसे पहुंचा और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है.